<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक– 14.09.2025 (दोपहर–1310 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

- झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो बेंगलुरु में राष्ट्रमंडल संसदीय संघ में हुए शामिल, कहा–जनता की आवाज को शासन तक पहुंचाने का माध्यम है सदन में चर्चा।
- पलामू में नक्सली संगठन–टीएसपीसी और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़, मारा गया पांच लाख रुपये का इनामी टीएसपीसी कमांडर मुखदेव यादव।
- राज्य सरकार के आदेश के खिलाफ चार जिलों के पैक्स अध्यक्षों ने जताया विरोध, धान की खरीदारी नहीं करने का लिया निर्णय।
- मौसम विभाग ने अगले चार दिनों तक हल्की और मध्यम दर्जे की बारिश और वज्रपात का जताया पूर्वानुमान, पूरे झारखंड के लिए येलो अलर्ट जारी।
- महिला एशिया कप हॉकी के फाइनल में आज चीन से होगा भारत का मुकाबला, भारतीय समय के अनुसार शाम साढ़े पांच बजे से शुरू होगा मैच।

********************

झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो ने कहा है कि लोकतंत्र में बहस और चर्चा जनता की आवाज को शासन तक पहुंचाने का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम है। श्रीमहतो ने कहा कि संसद और विधानसभा में बहस के माध्यम से विचार विमर्श होता है। विधानसभा अध्यक्ष बेंगलुरु में आयोजित 11वें राष्ट्रमंडल संसदीय संघ, इंडिया रीज़न कॉन्फ़्रेन्स को संबोधित कर रहे थे। तीन दिवसीय इस सम्मेलन में उन्होंने विधायी संस्थाओं में संवाद और चर्चा विषय पर अपने व्याख्यान प्रस्तुत किए।

********************

इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दीपावली तक जीएसटी सुधारों की अगली पीढ़ी की घोषणा की। 3 सितंबर को जीएसटी परिषद द्वारा आम लोगों के जीवन को आसान बनाने के लिए कई घरेलू वस्तुओं पर कर दरों में कटौती के साथ उनका यह सपना साकार हुआ है। आज, हम बात कर रहे हैं स्टेशनरी वस्तुओं के लिए किए गए सुधारों

********************

केंद्र सरकार त्योहारों से ठीक पहले उपभोक्ताओं को बड़ी राहत देते हुए 22 सितंबर से घटी हुई नई जीएसटी दर लागू कर रही है। 22 सितम्बर को ही कलश स्थापना के साथ ही शारदीय नवरात्री भी शुरू हो रही है, ऐसे में गुमला जिला के उपभोक्ता खरीदारी के लिए गाड़ी और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की अग्रिम बुकिंग करा रहे हैं। उपभोक्ता अविनाश कुमार ने बताया कि जीएसटी दरें कम होने से राहत मिली है।

वहीं मोटरसाइकिल शो रूम के सेल्समैन संजीव भगत ने कहा कि जीएसटी दरों में कटौती से कीमतों में कमी होनेवाली है।

********************

पलामू जिले के मनातू जंगल में प्रतिबंधित नक्सली संगठन टीएसपीसी और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ में पांच लाख रुपये का इनामी टीएसपीसी कमांडर मुखदेव यादव मारा गया है। जिले की एसपी रीष्मा रमेशन ने मुठभेड़ की पुष्टि की है। मुठभेड़ स्थल से नक्सली शव और एक इंसास राइफल भी बरामद किया गया है।

********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

********************

राज्य सरकार के आदेश के खिलाफ चार जिलों के पैक्स अध्यक्षों ने विरोध करते हुए धान अधिप्राप्ति नहीं करने का निर्णय लिया है। इसमें हजारीबाग, चतरा, कोडरमा और रामगढ़ जिला के पैक्स अध्यक्ष शामिल हैं। इसे लेकर हजारीबाग के निर्मल महतो पार्क में चारों जिलों के पैक्स संघ की संयुक्त बैठक आयोजित हुई। अध्यक्षों ने धान अधिप्राप्ति केंद्र संचालन के लिए पैक्स अध्यक्षों से एक सौ मीट्रिक टन क्षमता वाले गोदाम पर 24 लाख रुपये तथा दो सौ मीट्रिक टन क्षमता वाले गोदाम पर 48 लाख रुपये की बैंक गारंटी की मांग पर नाराजगी जताते हुए धान खरीद नहीं करने की बात कही।

********************

पलामू जिले में खेलकूद को बढ़ावा देने और युवाओं को खेल से जोड़ने के लिए प्रखंडों में स्टेडियम निर्माण की योजना तैयार की गई है।

********************

हिंदी दिवस को लेकर आज राजधानी रांची समेत राज्यभर में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। वहीं कई संस्थानों में आज हिंदी पखवाड़े की शुरुआत की गई। इधर, सिमडेगा में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान की ओर से कार्यक्रम आयोजित कर हिंदी की दशा और दिशा पर चर्चा की गई।

********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हिंदी दिवस पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। श्रीमोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि हिंदी केवल संवाद का माध्यम नहीं है, बल्कि यह देश की पहचान और मूल्यों की जीवंत विरासत है। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार औऱ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्यवासियों को हिंदी दिवस की शुभकामनाएं दी है।

********************

राजधानी रांची समेत राज्यभर में आज जिउतिया का त्योहार धूमधाम  से मनाया जा रहा है। महिलाओं ने अपने बच्चों की लंबी आयु के लिए निर्जला उपवास रखा है। उधर, सरायकेला में शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा के सोलह दिनों के वार्षिक पूजा का विधान है, जिसका शुभारंभ जिउतिया अष्टमी से आज से शुरू हो गया। अगले सोलह दिनों तक मां दुर्गा के शक्ति स्वरूपा के रूप में मां पाउड़ी की आराधना की जाएगी।

********************

मौसम विभाग ने  अगले चार दिनों तक  पूरे झारखंड में वज्रपात और आंधी को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान कई जिलों में हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश, वज्रपात और तेज आंधी का पूर्वानुमान जताया गया है। 15 सितंबर को  सिमडेगा, पश्चिमी सिंहभूम, खूंटी, पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला–खरसावां, बोकारो, धनबाद, गिरिडीह, जामताड़ा, देवघर, दुमका, गोड्डा, पाकुड़ और साहिबगंज में गरज के साथ बारिश और वज्रपात की संभावना है।

********************

महिला एशिया कप हॉकी के फाइनल में आज हांगजोउ में भारत का मुकाबला चीन से होगा। यह मैच भारतीय समय के अनुसार शाम साढ़े पांच बजे से खेला जाएगा।

********************